Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 29st December, 2023

Notification from MP PSC for Asstt Professor Examination

MPPSC• 28 जनवरी को दो शिफ्ट में होगी परीक्षा, पहला परचा 200 और दूसरा 600 अंकों का

सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा की फाइनल आंसर-की 21 दिन, रिजल्ट 45 दिन में आएंगे

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी पीएससी की सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा 28 जनवरी को होगी और तीन से

सात दिन में मॉडल आंसर की और 21 दिन में फाइनल आंसर की आ जाएगी। एमपी पीएससी 10 मार्च तक रिजल्ट भी जारी कर देगा। पहले दौर की परीक्षा में 8 विषय शामिल किए गए हैं। परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। दूसरे चरण के विषयों की परीक्षा मई और तीसरे की नवंबर में होगी। इनके रिजल्ट भी परीक्षा के 45 दिनों के भीतर घोषित होंगे। यानी नियुक्तियां भी तीन चरणों में होगी। पीएससी का कहना है कि वह रिजल्ट समय पर जारी कर देगा। उसके बाद शासन अपने स्तर नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू करेगा। सहायक प्राध्यापक के 1669 पदों के लिए यह परीक्षा होगी। इसके साथ ही लाइब्रेरियन व खेल अधिकारी के मिलाकर कुल 2 हजार पद हैं। प्रदेशभर के 1400 से ज्यादा शासकीय कॉलेजों में यह नियुक्तियां की जाएंगी। पीएससी के ओएसडी डॉ. रवींद्र पंचभाई का कहना है कि जिन भी विषयों की परीक्षाएं पहले चरण में हो रही हैं, उनकी फाइनल आंसर की 21 दिन में और उसके बाद कुछ ही दिनों में रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। आगे के विषयों के लिए भी ऐसे ही प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

100 अंकों का इंटरव्यू भी होगा - परीक्षा के रिजल्ट के बाद मेरिट आधार पर 100 अंकों को इंटरव्यू भी होगा। हालांकि इसका विरोध हुआ था। अभ्यर्थियों का तर्क था कि जब 2018 में हुई परीक्षा के दौरान इंटरव्यू नहीं लिए गए थे तो अब क्यों लिए जा रहे हैं। इसमें धांधली की आशंका रहती है।

ऐसे होंगे परीक्षा के परचे

▪ प्रथम प्रश्न-पत्र

- एमपी, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान तथा कम्प्यूटर का बेसिक नॉलेज
- अवधि 1 घंटा रहेगी
- परीक्षा का समय सुबह 10 से 11 बजे
- 50 प्रश्न पूछे जाएंगे
- 200 अंकों का रहेगा परचा

▪ द्वितीय प्रशन पत्र

- संबंधित विषय का होगा (इसमें कॉमर्स, हिंदी सहित 8 विषय शामिल)
- 3 घंटे का समय मिलेगा
- दोपहर 1 से 4 बजे तक होगी परीक्षा
- 150 प्रश्न कुल रहेंगे
- 600 अंकों का होगा परचा

पहले दौर में जनवरी में इन 8 विषयों की परीक्षा होगी

पहले दौर में बॉटनी, कॉमर्स, इंग्लिश, हिंदी, इतिहास, होम साइंस, गणित और संस्कृत की परीक्षा होगी।

कितने पद हैं

▪ बॉटनी	126
▪ कॉमर्स	124
▪ केमेस्ट्री	160
▪ अंग्रेजी	200
▪ अर्थशास्त्र	104
▪ हिंदी	116
▪ लॉ	29
▪ जियोग्राफी	23
▪ होम साइंस	42
▪ हिस्ट्री	77
▪ अर्थशास्त्र	104
▪ हिंदी	116

कहां होगी परीक्षा- इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, उज्जैन, शहडोल, मुरैना और रीवा में केंद्र बनाए जाएंगे। यह परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से ओएमआर शीट आधारित होगी। 21 जनवरी तक एडमिट कार्ड ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे।

ऐसा होगा प्रश्न-पत्र

▪ पहले प्रश्न-पत्र में मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान और कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान पर आधारित होगा।
▪ दूसरे पेपर में संबंधित विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

जानिए किन विषयों के लिए कब परीक्षा

अगली परीक्षा: मई 2024

▪ **विषय** : केमेस्ट्री, भूगोल, हिस्ट्री, होम साइंस, लॉ, फिजिक्स, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, प्राणी शास्त्र।

▪ अंतिम चरण : नवंबर 2024

▪ **विषय** : जीव विज्ञान, रसायन आर्गेनिक, रसायन भौतिक, नृत्य, पर्यावरण, भूगर्भ शास्त्र, मराठी, सैन्य विज्ञान, संगीत, संगीत वाद्य, संगीत गायन, चित्रकला, दर्शन शास्त्र, मनोविज्ञान, संस्कृत प्राच्य, संस्कृत व्याकरण, संस्कृत साहित्य, सांख्यिकी, उर्दू, वेद।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)